गतिविधि - 1

1) **'आई एम कलाम के बहाने'** फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> गाँव के स्कूल में मेरा एक साथी था - मोरपाल। वही मोरपाल जिसने एक बार हमारे अंग्रेज़ी के मास्टर तिवारी जी को लुक का मतलब और सही हिज्जे पूछे जाने पर बताया था, "एल डबल ओ के लुक यानी लुक-लुक के देखना।"

a) इस पाठ में लेखक मिहिर पांडेय अपने किस दोस्त की याद करता है ?
b) अंग्रेज़ी अध्यापक ने कौन-सा सवाल किया ?
c) प्रस्तुत घटना से मोरपाल के चरित्र के बारे में हमें क्या सूचना मिलती है ?

गतिविधि - 2

2) **'आई एम कलाम के बहाने'** फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> नाम का पहला अक्षर मिलने की वजह से क्लास की दरीपट्टी पर हमारी बैठने की जगहें भी साथ ही थीं। वही मोरपाल जिसकी मेरे खाने के डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थीं। हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का।

a) कक्षा में मोरपाल और मिहिर की बैठने की जगहें आस-पास थीं। क्यों ?
b) **अत्यधिक प्रसन्न होना** - समान अर्थवाला प्रयोग चुनकर लिखें।
c) दोनों का सौदा क्या था ?
d) इस प्रसंग पर मोरपाल और मिहिर के बीच के **वार्तालाप** को आगे बढ़ाए।
(वार्तालाप में चार विनिमय हों)

मिहिर : घंटी बज गई। चलो, हम कुछ खाएँ।
मोरपाल : ठीक है।
मिहिर : ______________________________
मोरपाल : ______________________________
मिहिर : ______________________________
मोरपाल : ______________________________

गतिविधि — 3

- सही मिलान करें।

◆ मोरपाल की डिब्बे में राजमा देखते ही	कि छाछ मिहिर की कमज़ोरी है।
◆ मोरपाल को पता है	बिना छलकाए स्कूल तक ले आता है।
◆ रोज़ पंद्रह किलोमीटर साईकिल चलाते हुए	मिहिर अत्यधिक खुश हो जाता है।
◆ मोरपाल छाछ के डिब्बे को	मोरपाल स्कूल आता है।

गतिविधि — 4

- सही मिलान करें।

● मोरपाल ● मिहिर	साईकिल चलाता हुआ स्कूल जाया करता था।
	गरीब परिवार से आनेवाला लड़का है।
	राजमा देखते ही खुश होता था।
	छाछ बहुत अधिक पसंद है।
	स्कूल से बहुत दूर रहता था।
	छाछ का डिब्बा लाता था।
	घर से राजमा लाता था।
	सामान्य संपन्न परिवार से आनेवाला लड़का है।
	स्कूल आने पर पहली बार राजमा देखता है।

उत्तर :

मोरपाल	मिहिर